Title: Need for early completion of Roza power project in Shahjahanpur, Uttar Pradesh.

16.00 hrs.

श्री जितेन्द्र प्रसाद (शाहजहांपुर) : सभापति महोद्य, शाहजहांपुर जनपद में 2,587 करोड़ की लागत से 567 मेगावाट बिजली उत्पादन की रोजा ताप बिजली परियोजना नामक एक परियोजना बनायी गयी थी। इस परियोजना को दो चरणों (2X 283.5) में पूरा किया जाना था। यह परियोजना पूरे उत्तर प्रदेश को बिजली उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देगी, जहां बिजली का अत्यधिक संकट है। इसके संबंध में आवश्यक कार्यवाही, जैसे केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा मंजूरी, मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी, तकनीकी आर्थिक मंजूरी प्रदान करना, लागत का आकलन, सहयोगकर्ताओं के साथ आवश्यक अनुबंध, भूमि अधिग्रहण, भूमि का मुआवजा देना आदि सभी आवश्यक कार्यवाही की जा चुकी है। यह ज्ञात हुआ है कि इंडो गल्फ कंपनी जिसे इस परियोजना को स्थापित करना है इस कार्य में ढील बरत रही है।

प्रारंभ में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने नवम्बर, 1994 में इसे सिद्धांत रूप से स्वीकृति प्रदान की थी तथा तदनुसान इसे सितंबर, 1999 में पूरा कर लिया जाना था। बिजली की मांग निरन्तर बढ़ती जा रही है और प्रदेश में बिजली के उत्पादन में कोई वृद्धि न होने के कारण यहां के बिजली संकट की गंभीरता का अनुमान लगाया जा सकता है। इसके अलावा आम तौर पर महंगाई बढ़ने के कारण इस परियोजना की निर्माण लागत में भी निरन्तर वृद्धि होती जा रही है। मेरी सरकार से मांग है कि इस क्षेत्र में कृषि, औद्योगिक, आर्थिक पिछड़ेपन को तथा इसके निर्माण संबंधी सभी आवश्यक प्रारम्भिक कार्यवाहियां पूरी कर ली गयी हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के लिए यथाशीघ्र कार्यवाही करें। धन्यवाद।